# रेडियो कॉलर लगे बाघ का मिला शव

**वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व का मामला** बाघों के संघर्ष में मृत्यु की आशंका, एनटीसीए प्रोटोकॉल के तहत् पोस्टमार्टम

**दमोह, 16 फरवरी. वनमंडलाधिकारी वीरांगना टाईगर रिजर्व ने बताया 15 फरवरी को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र के मोहली परिक्षेत्र के मानेगाव बीट के कक्ष क्रमांक 159 में शाम 5:30 बजे बाघ का एक शव मिला था. उक्त बाघ को 18-19 जनवरी की दरमियानी रात को रेडियो कॉलर लगाकर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के कोर वन क्षेत्र में मुक्त किया गया था एवं मॉनिटरिंग दल उसकी लगातार मॉनीटरिंग कर रहे थे.**



विगत दो दिवसों से उस बाघ की लोकेशन एक जगह ही आ रही थी. अत: मॉनिटरिंग दल को चिंता हुई और उन्होने नजदीक जाकर देखा तो उन्हें उक्त बाघ मृत मिला. आज प्रात: डॉग स्क्वॉड के द्वारा मृत बाघ के आसपास के क्षेत्र में सघन सर्च की गई साथ ही उक्त मृत बाघ के शव के करीब के जल स्त्रोत एवं आसपास के अन्य जल स्त्रोतों का भी लिटमस पेपर द्वारा पीएच वैल्यू आदि की जांच भी की गई. दोनों ही जांच में कोई परिणाम नहीं मिले.उन्होने बताया इसके उपरांत राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रोटोकॉल अनुरूप पन्ना टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ. संजीव गुप्ता एवं रहली में पदस्थ स्थानीय पशु चिकित्सक नीरज ठाकुर के द्वारा एवं राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रतिनिधि डॉ. प्रशांत देशमुख एवं वन संरक्षक सागर रिपुदमन सिंह भदोरिया के समक्ष शव का पोस्टमार्टम किया गया.

> बाघ की खोपड़ी बुरी तरह से छतिग्रस्त थी एवं हड्डियां टूटी हुई थी तथा उन पर केनाईल के गहरे निशान भी थे .राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के विशेषज्ञ डॉक्टर प्रशांत देशमुख एवं वरिष्ठ वन्य प्राणी चिकित्सक संजीव गुप्ता का अभीमत है, कि बाघों की लड़ाई में उक्त बाघ को अन्य बाघ द्वारा मार डाला गया है. पोस्टमार्टम के पश्चात विशेषज्ञों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में उक्त बाघ के शव को शवदाह किया गया.



# केरल के प्रतिनिधि दल का किया स्वागत

**ग्वालियर, 16 फरवरी. केरल भाजपा के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के दल का ग्वालियर के भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन में स्वागत किया गया. भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने प्रतिनिधि दल का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं.**

इस अवसर पर केरल के जनप्रतिनिधि राजेश पीटी ने उन्होंने कहा कि कहा कि केरल की जनता पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व परिवर्तन चाहती है. जनता सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र ने समाज के प्रत्येक वर्ग में भरोसा जगा है जनता विकास, पारदर्शिता और स्थिर शासन के पक्ष में खड़ी है.

इससे पूर्व केरल के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प माला पहनकर नमन किया.

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी, जिला महामंत्री जवाहर प्रजापति, बिट्टू तोमर, राजू पलैया, विकास साहू, सतेंद्र शर्मा, केशव मांझी, प्रिया तोमर, रेशु राजावत, लता सिंह, चन्दन पटेल, राघवेंद्र शर्मा, अजय द्विवेद्वी गौरव बाजपेई, संतोष राजौरिया, नंदिनी गणफुले,अमित जैन, महेंद्र सोलंकी, जितेंद्र गुर्जर बेटू शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद थे.

## एक नजर में




### ग्वालियर आए दिल्ली के सांसद प्रवीण खंडेलवाल

**ग्वालियर.** दिल्ली के भारत मंडपम में होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव के लिए मध्य प्रदेश के उद्योगपतियों और व्यापारियों को आमंत्रित करने कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के महामंत्री और दिल्ली के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ग्वालियर आए हैं. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत संकल्प के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया. उन्होंने भारत मंडपम में आयोजित हो रहे भारतीय व्यापार महोत्सव में पूरे देश भर के उद्योगपतियों और व्यापारियों को शामिल होने का आमंत्रण दिया है. सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्र सरकार और पार्टी का पक्ष रखा. जनरल एमएम नरवणे की किताब जो पब्लिश होने से पहले ही बैन हो गई, साथ ही ऐपस्टीन फाइल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और भारत अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर उन्होंने विपक्ष पर पलटवार किया.



### समय-सीमा में निराकरण करें सुनिश्चित : शैलेन्द्र

**सीधी.** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा समय-सीमा (टीएल) पत्रों, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों, सीएस वीडियो कांफ्रेंस के एजेंडा बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा, ई-ऑफिस अपडेटेशन तथा संकल्प से समाधान अभियान की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने विभागवार टीएल प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि समय-सीमा में प्राप्त होने वाले पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े. सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का संतोषजनक निराकरण प्राथमिकता से किया जाए. निराकरण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए फील्ड स्तर पर सत्यापन भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. सीएस वीसी के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा की गई. संबंधित विभागों को शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों पर त्वरित कार्यवाही कर प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया.

### आरोपी से 6 किलो गांजा बरामद

**दमोह.** जिले के थाना पटेरा पुलिस की अवैध मादक पदार्थ गांजा के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही में 5 किलो 941 ग्राम गांजा व मोटर सायकिल सहित एक आरोपी गिरफ्तार हुआ. पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी द्वारा दमोह में अवैध मादक पदार्थों के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया था, जो इसी तारत्मय में एसपी श्रुतकीर्ती सोमवंशी के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व स्क्कहटा प्रशांत सुमन के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना पर दिनांक 15 फरवरी 2026 को पटेरा पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही करते हुये आरोपी रामदास पिता घपुआ लोधी उम्र 61 साल निवासी ग्राम चौमखा थाना पवई जिला पन्ना म.प्र. से 05 किलो 941 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ पकडा है.आरोपी के विरुध्द अंतर्गत धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया व आरोपी रामदास लोधी को माननीय न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया है.

## जिले में 1 मई से शुरू होगा जनगणना का पहला चरण

**मंदसौर.** जिला जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन सभागार में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें जनगणना-2027 की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. बैठक में बताया गया कि जिले में जनगणना का प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक संचालित होगा, जिसमें मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य किया जाएगा. इस दौरान प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर शासन द्वारा निर्धारित 33 बिंदुओं की जानकारी संकलित करेंगे. द्वितीय चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा.

# टूर्नामेंट में जनकार्य एवं जन कल्याण टीम रही विजेता

**ग्वालियर, 16 फरवरी. नगर निगम द्वारा कराए जा रहे अंतर्विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट में एमएलबी कॉलेज पर क्रिकेट का रोमांचक मुकाबला देखने को मिला. आज का पहला मैच जनकार्य और एसबीएम के मध्य हुआ. जिसे जनकार्य की टीम ने 73 रन से एसबीएम को हराया.**



वहीं दूसरा मैच जनकल्याण और चिड़ियाघर के मध्य हुआ, जनकल्याण की टीम ने 139 रन का लक्ष्य प्रतिद्वंदी को दिया.जो कि एक तरफा नजर आया जिसे जनकल्याण के कप्तान सुरेश मालवीय की रणनीति से चिड़ियाघर की टीम पर शुरू से ही दवाब बनाए रखा और चिड़ियाघर की टीम 10 ओवर भी नहीं खेल पाई, और पूरी टीम ऑल आउट हो गई. इस प्रकार जनकल्याण की टीम 64 रन से विजेता रही. मैच के मेन ऑफ द मैच अशोक कुशवाह रहे जिन्होंने 63 रन बनाए. क्रिकेट टूर्नामेंट में सहायक खेल अधिकारी जितेन्द्र यादव, नमन कौरव और अयोध्या शर्मा मौजूद रहे.

# समुदायों ने साझा की परंपराएं

- आदि-जोहार द्वारा आयोजित मिलन 'रेला' संपन्न
- कार्यक्रम में 11 विदेशी प्रतिभागी भी हुए शामिल

**बालाघाट, 16 फरवरी. विकासखंड किरनापुर के ग्राम नंदोरा में 'रेला' नामक सांस्कृतिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

यह आयोजन आदि-जोहार समूह के तत्वावधान में विभिन्न आदिवासी समुदायों एवं देश-विदेश से आए प्रतिभागियों के बीच सांस्कृतिक संवाद और सहभागिता के उद्देश्य से सम्पन्न हुआ. आमंत्रण आधारित इस कार्यक्रम में पूर्व पंजीकरण अनिवार्य था. प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित हुए इस आयोजन में विभिन्न देशों से 11 प्रतिभागी, भारत के अलग-अलग शहरों से 25 प्रतिभागी शामिल हुए. साथ ही कांकेर एवं नारायणपुर से मुरिया समुदाय के 95 सदस्य, कवर्धा से बैगा समुदाय के 11 सदस्य, आमरागढ़ से माडिया समुदाय के 14 सदस्य तथा पश्चिम बंगाल से संथाल समुदाय के 11 सदस्यों ने भागीदारी निभाई.

कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक एवं लोक संगीत, सामूहिक नृत्य, सांस्कृतिक संवाद, कला एवं हस्तशिल्प के माध्यम से विभिन्न समुदायों ने जीवन शैली साझा की.

# खेत में बने कोठे में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पांढुरना, 16 फरवरी. ग्राम मोरघाट के एक खेत के कोठे में आज सुबह एक 45 वर्षीय महिला का फांसी के फंदे पर झूलता हुआ शव दिखाई दिया ,सूचना पर घटना स्थल पहुंचे पुलिस अधिकारियों द्वारा जांच शुरू कर दी.**

नांदनवाड़ी पुलिस चौकी प्रभारी आशिष भिमटे द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम मोरघाट निवासी लीलाबाई पति फूलाराम धुर्वे 45 का सोमवार की सुबह ग्राम के पास वाले खेत में बने कोठे की मयाल पर उक्त महिला का शव झूलता दिखाई देने की सूचना पर स्वंय चौकी प्रभारी भीमटे ने घटनास्थल पर पहुँचकर पंचनामा कार्यवाही बाद शव को पांढुरना लाया जहा शासकीय चिकित्सको से पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौप पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी हैं.

> परिजनों की माने तो मृतिका बीते कई दिनों से बीमार चल रही थी ,इसी से परेशान होकर उसने आत्महत्या करने की बात पुलिस को बताई . वहीं जांचकर्ता पुलिस द्वारा प्रत्येक बिंदु की सूक्ष्मता से जांच कर रही हैं.

## हायर सेकंडरी की परीक्षा में 2675 परीक्षार्थी हुए शामिल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा.** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं निर्धारित 94 परीक्षा केन्द्रों में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित की जा रही हैं. इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा ने बताया कि 16 फरवरी को हायर सेकण्डरी में संस्कृत विषय की परीक्षा आयोजित की गई. इस परीक्षा में 2675 विद्यार्थी शामिल हुए. परीक्षा से 65 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. जिला शिक्षा अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा ने परीक्षा केन्द्र शासकीय उमावि मझिगवां, शासकीय उमावि मार्तण्ड क्रमांक दो एवं सरस्वती उमावि निराला नगर का निरीक्षण किया.

# फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक

थाना कुंडीपुरा क्षेत्र का मामला, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया

**छिंदवाड़ा, 16 फरवरी. कुंडीपुरा थाना क्षेत्र में एक युवका शव टेकड़ी पर लटका हुआ पाया गया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है. बताया जा रहा है कि मृतक 9 फरवरी को मेले में जाने के लिए घर से निकला थां. इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा.**

जानकारी अनुसार निखिल पिता चेतराम धुर्वे उम्र 20 साल इमलिया बोहता का रहने वाला है. वह 9 फरवरी को घर से महादेव मेले का बताकर निकला था. उसका वह वह घर वापस नहीं आया. रविवार की शाम कुछ लोगों टेकड़ी घूमने गए थे. इस दौरान उन्होंने युवक को पेड़ पर लटका देख होष उड़ गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तत्काल नीचे उतरवाया. शव से बदबू आने लगी थी. पुलिस के मुताबिक शव पांच से छह दिन पुराना बताया जा रहा है. पुलिस ने सोमवार को शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

### ट्रक ने बुलेरो वाहन को मारा टक्कर, 9 लोग हुए घायल

कुंडीपुरा थाना क्षेत्र के घाट परासिया में एक ट्रक ने बुलेरो को टक्कर मार दी. इस घटना में बुलेरो में सवार 9 लोग घायल हो गए. जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है. जानकारी अनुसार अजय पिता धरम कुड़ापे उम्र 27 साल गढ़हैया कुरई सिवनी का रहने वाला है. वह बुलेरो से महादेव मेले से लौट रहा था. इस दौरान रात 11 बजे घाट परासिया के समीप सिवनी की ओर से आ रहे ट्रक ने बुलेरो का टक्कर मार दी. इस हादसे में बुलेरो में बैठे 9 लोग घायल हो गए. जिन्हें सूचना पर पहुंची 108 से अस्पताल लाया गया.

# 32 हेक्टेयर बंजर जमीन पर छाई हरितिमा


वाटर शेड के तहत जल संचयन- नदी पुर्नजीवन की एक सार्थक पहल

**नीमच, 16 फरवरी. जिले के जनपद पंचायत मनासा में तिलसोई नदी जो कि आमद से होकर ग्राम पंचायत चिकलीब्लॉक गुजरथ, गणेशपुरा, के गाँव से होकर गुजरती हुई गांधी सागर में मिलती है, वर्षा ऋतु में बहते हुए जल को रोकने और संचित करने के लिए प्रधानमंत्री कृषि योजना के माध्यम से जिले में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रयास किए जा रहे है.**



तिलसोई नदी के बहते हुए पानी को रोकने के लिए प्रधानमंत्री कृषि योजना 2.0 के तहत परियोजना क्रमांक 01 फुलपुरा में कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा एवं जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में वाटरशेड टीम द्वारा तिलसोई नदी को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया में सर्वप्रथम यह सुनिश्चित किया गया, कि आसपास के क्षेत्रों में जलभरण क्षमता बढ़ाई जाए. साथ ही पानी के वेग तथा मृदा के अपरदन को कम कर, भूजल स्तर में बढ़ोतरी की जाए. इस आशय की पूर्ति के लिए सर्वप्रथम कुंडालियां, दांता, भगौरी पंचायतों में लगभग 32 हेक्टेयर बंजर एवं ढाल युक्त भूमि में कंटूर ट्रैच का निर्माण किया.

> तिलसोई नदी की सहायक नदियों पर चेक डैम निर्माण होने से भूजल स्तर में सुधार हुआ. साथ ही पानी की लगातार आमद तिलसोई नदी में हुई, फलस्वरूप नदी में जल की मात्रा में बढ़ोतरी हुई है और ढोढर ब्लॉक, कुंडलियां, चिकली ब्लॉक से होते हुए कई ग्रामों के छोटे बडे लगभग 1500 किसानों को इसका प्रत्यक्ष रूप में लाभ मिलने से इन किसानों की आमदनी में इजाफा हुआ है.



# सामाजिक बुराई पर रोक लगाना हमारा दायित्व : माथुर

**आलीराजपुर, 16 फरवरी. युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी तो देना ही है साथ ही में नशे की प्रवृत्ति से उत्पन्न होने वाली सामाजिक बुराई पर रोक लगाना जिला प्रशासन का दायित्व और कर्त्तव्य भी है यह बात कलेक्टर नीतू माथुर ने नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय हेतु एनसीओआरडी की बैठक में कही.**

आज कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की बैठक आयोजित की गई. इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के समस्त शिक्षण संस्थान एवं शासकीय परिसर के आस पास नशीले पदार्थो की बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधिकारी के साथ साथ जिला आबकारी विभाग के अधिकारी को दिए.

इस दौरान उन्होने विशेष तौर पर नकली शराब एवं ताडी पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए. उन्होने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं में युवाओं को नशे से दुर रहने एवं इसके दुष्प्रभाव की जानकारी देने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन करने,साथ ही सोशल मीडिया पर भी इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए.

### पुलिस हर तरह से मुस्तैद

बैठक में पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया ने कहा कि जिले में नशीले पदार्थो की रोकथाम के लिए पुलिस हर तरह से मुस्तैद है , शहरी क्षेत्र एवं कस्बो में निगरानी दल के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है . साथ ही समय समय पर युवाओं एवं ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी पुलिस विभाग द्वारा दी जा रही हैं. आमजन के साथ समन्वय स्थापित कर जिले को नशे के विरूद्ध जागरूक किया जाएगा.

**पुरस्कृत** राज्य निर्वाचन आयोग के 32वें स्थापना दिवस पर जिले को मिले दो बड़े सम्मान

# दमोह बना प्रदेश का दोहरे सम्मान वाला जिला

- मतदाता सूची पुनरीक्षण और पेपरलेस मतदान में प्रदेश में प्रथम स्थान

**दमोह, 16 फरवरी. मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के 32वें स्थापना दिवस समारोह में दमोह जिले को दो महत्वपूर्ण पुरस्कारों से सम्मानित किया गया. जिले ने निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में नई मिसाल कायम की है.**




यह सम्मान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर,एडीएम मीना मसराम, एसडीएम हटा राकेश मरकाम, शिक्षा विभाग से मुकेश गुजरे, दिलीप जोशी, ई-गवर्नेंस महेश अग्रवाल को प्राप्त हुआ.राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान दमोह जिले में सर्वाधिक 22,000 दावे-आपत्तियों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया.यह उपलब्धि पूरे मध्यप्रदेश में सबसे अधिक है, जिसके चलते दमोह जिला पुनरीक्षण कार्य में प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा. यह सफलता जिला प्रशासन, निर्वाचन शाखा और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है.

> दूसरा सम्मान जिले को 29 दिसंबर को 77 मतदान केंद्रों पर पूर्णत: पेपरलेस मतदान सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए मिला. यह प्रक्रिया बेहद सुचारू और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई, जिससे मतदान व्यवस्था में तकनीकी नवाचार और दक्षता का परिचय मिला. दमोह प्रदेश का एकमात्र जिला है जिसे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा एक ही समारोह में दो पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है. यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व और गौरव का विषय है. निर्वाचन कार्य में सहयोग देने वाले और सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया.

### युवक पर धारदार हथियार से हमला, पथराव

**जबलपुर.** गोरखपुर थाना अंतर्गत गुप्तेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि का मेला घूमने गए युवक पर बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला करते हुए पथराव कर दिया.

पुलिस के मुताबिक सुजल चौधरी उर्फ दीपक अहिरवार 18 वर्ष निवासी हाथीताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार को महाशिवरात्रि का मेला घूमने अपने भाई वरूण के साथ गुप्तेश्वर मंदिर के सामने आया था तभी गुप्तेश्वर निवासी नितेश केशरवानी उर्फ लल्ली, सौयम सोनकर तथा अनुराग गुप्ता मिले जो उसके भाई वरूण से मेला घूमने के लिये रूपये मांगने लगे, उसने विरोध किया तो मारपीट करने लगे नितेश केशरवानी ने धारदार हथियार से हमला कर चोट पहुंचा दी.